प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

एमओयू

प्रदेश सरकार ने क्षेत्रीय हवाई सम्पर्क को मजबूत करने व पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एलायंस एयर लिमिटेड के साथ दिल्ली–शिमला और शिमला–धर्मशाला मार्गों पर दैनिक उड़ानें संचालित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। यह पहल दिल्ली व शिमला तथा धर्मशाला के बीच सीधा हवाई सम्पर्क स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पर्यटन व नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक विवेक भाटिया ने बताया कि एमओयू के तहत इसी महीने से इन दोनों मार्गों पर सप्ताह भर दैनिक हवाई सेवाएं आरंभ होंगी।

रोस्टर

प्रदेश में होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर आज रिवाइज्ड और अंतिम रोस्टर जारी किया जाएगा। प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा इस संबंध में बीते कल उपायुक्तों को निर्देश जारी किए गए हैं। दरअसल, राज्य सरकार ने आरक्षण रोस्टर को लेकर हाल ही में एक अधिसूचना जारी की थी जिसके तहत उपायुक्तों को पंचायत चुनाव में आरक्षण रोस्टर में पांच प्रतिशत सीटों को आरक्षित और अनारक्षित करने की शक्तियां दी गई थीं। इस अधिसूचना पर पांच पूर्व पंचायत प्रधानों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी जिसमें कोर्ट ने कल अंतरिम आदेश जारी करते हुए उपायुक्तों को दी गई शक्ति पर रोक लगाई है और उपायुक्तों को आज शाम तक अंतिम रिवाइज्ड रोस्टर जारी करने के आदेश दिए हैं।

जागरूकता

प्रदेश सरकार किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है और प्रदेश में प्राकृतिक खेती और पशुपालन को विशेष रूप से प्रोत्साहित कर रही है। ये बात कृषि मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार ने कांगड़ा जिला के ज्वाली में अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों के लिए क्षमता निर्माण, आजीविका संवर्धन व सतत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित एक कार्यक्रम में कही। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने भाग लेकर प्राकृतिक खेती और उससे जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

भाजपा बैठक

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आज मंडी में हो रही है। इस बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी चुनाव रणनीति और जनसंघर्ष की रूपरेखा तैयार की जाएगी। पार्टी के अनुसार इस कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न आयामों पर विचार विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर भी चर्चा की जाएगी।

एचपीवी टीकाकरण

भारत सरकार ने देशव्यापी निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान 28 फरवरी 2026 से आरम्भ किया है। अभियान का लक्ष्य सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 14 वर्ष की आयु की लगभग एक करोड़ 20 लाख पात्र लाभार्थी लड़कियों को टीका लगाना है जिससे इन लड़कियों में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर रोग से बचाव मिलेगा। हिमाचल के मंडी जिला में भी 29 मार्च से यह अभियान शुरू किया गया है।

विस्तृत रिपोर्ट के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता

मंडी जिला में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस यानी एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत गर्भाशय ग्रीवा यानी सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए विशेष सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। 29 मार्च से शुरू हुआ ये अभियान तीन महीनों तक चलेगा, जिसके तहत हर रविवार को टीकाकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में रोहांडा ब्लॉक में एक विशेष शिविर आयोजित किया गया, जहां 14 वर्ष की किशोरियों को गार्डासिल वैक्सीन की सिंगल डोज दी गई। बीएमओ रोहांडा डॉ. लाल सिंह ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एक प्रभावी उपाय है और यह 93 से 100 प्रतिशत तक कारगर पाई गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस टीके का मासिक धर्म या प्रजनन क्षमता पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण करवाएं, ताकि उन्हें भविष्य में इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

इग्नू

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय—इग्नू का 39वां दीक्षांत समारोह आज आयोजित होगा। यह समारोह देशभर में एक साथ आयोजित किया जाएगा, जिसमें इग्नू के 51 क्षेत्रीय केंद्रों पर विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, शिमला में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के कुलपति प्रो महावीर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

रोजगार मेला

ऊना जिला में हरोली उत्सव के दौरान 14 अप्रैल को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। धर्मशाला के क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इस रोजगार मेले में विभिन्न निजी उद्योगों के लिए 550 युवाओं की भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि भर्ती में विभिन्न पदों के लिए पात्र युवाओं के साक्षात्कार होंगे, जिसमें पंजीकरण निशुल्क रहेगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में आज बादल छाए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज से प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है जिसका असर अगले तीन दिनों तक रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि आज से प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में वर्षा और ऊंची चोटियों पर हिमपात की संभावना है, जबकि कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला और चंबा में ओलावृष्टि को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में 9 अप्रैल तक मौसम खराब बना रहेगा।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।